http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2015

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा XII

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए—** 5 × 1 = 5

**(i) विघ्न-बाधाएँ सहमकर मार्ग छोड़ देती हैं—**

(अ) नवयुवक का, (ब) दुष्ट का,
(स) शिशु का, (द) वृद्ध का।

**(ii) आचार्य शुक्ल ने भय के रूप बताए हैं—**

(अ) एक, (ब) दो, (स) पाँच, (द) छः।

**(iii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले शब्द कहलाते हैं—**

(अ) शब्द-शक्ति, (ब) छन्द, (स) गुण, (द) अलंकार।

**(iv) गौरा के बछड़े का नाम—**

(अ) राजमणि था, (ब) नीलमणि था,
(स) लालमणि था, (द) चन्द्रमणि था।

**(v) सही शब्द है—**

(अ) आशीवाद, (ब) आर्शीवाद, (स) आशिर्वाद, (द) आशीर्वाद।

उत्तर—(i) (अ), (ii) (ब), (iii) (द), (iv) (स), (v) (द)।

**प्रश्न 2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए—** 5 × 1 = 5

(i) प्रेमचन्द को .............. की उपाधि प्रदान की गई। *(निबन्ध सम्राट/उपन्यास सम्राट)*

(ii) अच्छे अध्यक्ष .............. होते हैं। *(रेडीमेड/हैण्डमेड)*

(iii) कवि ने बहन को चिनगारी तथा भाई को ........... कहा है। *(ज्वाला/कराला)*

(iv) जब बोली किसी कारण से महत्त्व प्राप्त कर लेती है तब वह .............. कहलाती है। *(भाषा/बोली)*

(v) 'प्रताप' पत्र के सम्पादक .............. थे। *(भगतसिंह/गणेशशंकर विद्यार्थी)*

उत्तर—(i) उपन्यास सम्राट, (ii) रेडीमेड, (iii) ज्वाला, (iv) भाषा, (v) गणेशशंकर विद्यार्थी।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए—** 5 × 1 = 5

(i) 'चन्द्रगुप्त' किसकी नाट्य रचना है ?

(ii) गजाधर बाबू किस नौकरी से रिटायर हुए थे ?

(iii) गजमुख का मुख कौन देखता है ?

(iv) डॉ. रामकुमार वर्मा की माँ का नाम क्या था ?

(v) काव्य के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर—(i) जयशंकर प्रसाद, (ii) रेलवे की नौकरी से, (iii) दसमुख (रावण), (iv) राजरानी देवी, (v) दो।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए—** 5 × 1 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) मध्यमवर्गीय परिवार की समस्या | (अ) जैनेन्द्र कुमार |
| (ii) आधुनिक युग का प्रेमचन्द | (ब) दार्शनिक |
| (iii) कंस की बहन | (स) महाकाव्य |
| (iv) दर्शनशास्त्र को जानने वाला | (द) सुरेन्द्रनाथ |
| (v) रामचरितमानस | (इ) जानकी |
| | (फ) खण्डकाव्य |
| | (य) नये-मेहमान |
| | (र) देवकी |

उत्तर—(i) → (य), (ii) → (अ), (iii) → (र), (iv) → (ब), (v) → (स)।

http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य लिखिए— $5 \times 1 = 5$

(i) जीवनी सत्य घटनाओं पर आधारित होती है।

(ii) विश्वनाथ की पत्नी का नाम किरण था।

(iii) श्री राम पूर्ण ब्रह्म पुरुषोत्तम हैं।

(iv) काला अक्षर भैंस बराबर का अर्थ साक्षर होता है।

(v) महादेवी वर्मा ने कहा 'आह मेरा गोपालक देश'।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

**प्रश्न 6.** 'क्षणिक आतंक' से क्या तात्पर्य है ? 2

*अथवा*

नाव में पानी भर जाने पर सयानों का क्या कर्त्तव्य है ?

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (कोई दो) : 2

कुसंग, अज्ञ, अभ्यस्त

*अथवा*

निम्नलिखित तद्भव शब्दों को तत्सम में बदलिए (कोई दो) :

पाथर, औगुन, मच्छी

**प्रश्न 8.** चातक को घातक क्यों कहा गया है ? 2

*अथवा*

http://www.a2zSubjects.com

'घर का पहरेवाला' से कवि का क्या आशय है ?

**प्रश्न 9.** केवट के अनुसार 'पगधूरि' का क्या प्रभाव है ? 2

*अथवा*

'फूल और मालिन' कब मुरझा जायेंगे ?

**प्रश्न 10.** माँ सरस्वती की वन्दना कौन-कौन करता है ? 2

*अथवा*

मीराबाई कैसा वेश रखना चाहती है ?

**प्रश्न 11.** कहानी के कोई चार प्रमुख तत्व लिखिए। 2

*अथवा*

नाटक की परिभाषा लिखिए।

**प्रश्न 12.** रेवती अपने घर को जेलखाना क्यों कहती थी ? 2

*अथवा*

किस प्रकार के भय को आशंका कहा गया है ?

**प्रश्न 13.** अध्यक्ष को गम्भीर किस्म का प्राणी क्यों कहा गया है ? 2

*अथवा*

http://www.a2zSubjects.com

यशोधरा दुखी क्यों थी ?

**प्रश्न 14.** उत्तराखण्ड के चारों धाम किन चार पवित्र नदियों के किनारे स्थित हैं ? 2

*अथवा*

कानपुर में किन-किन साहित्यकारों से भगवतीचरण वर्मा की मित्रता हुई ?

**प्रश्न 15.** अनुप्रास अलंकार का उदाहरण लिखिए। 2

*अथवा*

श्लेष अलंकार का उदाहरण लिखिए।

**प्रश्न 16.** मातृभाषा किसे कहते हैं ? परिभाषा लिखिए। 2

*अथवा*

राष्ट्र भाषा किसे कहते हैं ?

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 17.** नैनो मैटेरियल किसे कहते हैं ? नैनो मैटेरियल तैयार करने की दो पद्धतियाँ कौन-कौनसी हैं ? *अथवा* 3

'लहू के पानी होने' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

**प्रश्न 18. निम्नलिखित वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए—** 3

(i) जिसके आने की तिथि मालूम न हो।

(ii) आयुर्वेदिक औषधियों से इलाज करने वाला।

(iii) कविताएँ रचने वाला।

*अथवा*

वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए—

(i) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है। (*प्रश्नवाचक*)

(ii) कक्षा में संगीता सबसे सुन्दर है। (*निषेधवाचक*)

(iii) मेरे पास जो पेन है, मोहन का है। (*सरल वाक्य*)

**प्रश्न 19.** हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

*अथवा*

रोला छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 20.** रहस्यवाद की चार विशेषताएँ लिखिए। 4

*अथवा*

भारतेन्दु युग के काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 21.** "रंग के बिना सब कुछ सूना है।" लेखक के इस कथन का क्या आशय है ?

*अथवा* 4

गजाधर बाबू 'चीनी मिल' की नौकरी पर क्यों गये ?

**प्रश्न 22. 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' *अथवा* 'शरद जोशी' का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाषा-शैली, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 23. 'सूरदास' *अथवा* 'श्रीकृष्ण सरल' का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—** 4

(i) दो रचनाएँ, (ii) भाव पक्ष-कला पक्ष, (iii) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** 4

*जब जग मुझे तोड़ने आता,*
*मैं हँस-हँस रो देता*
*जब मुझ पर तुम हाथ उठाती,*
*मैं सुधि-बुधि खो देता*
*हदय तुम्हारा-सा ही मेरा इसको यों न मरोड़ो*
*देखो मालिन मुझे न तोड़ो।*

*अथवा*

*मैया कबहि बढ़ेगी चोटी।*
*किती बार मोहि दूध पिअत भई, यह अजहूँ है छोटी॥*
*तू तो कहत बल की बेनी, ज्यौं, ह्वै है लाँबी मोटी।*
*काढ़त गुहत न्हवावत ओछत, नागिनी सी भुइँ लोटी॥*
*काचो दूध पियावत पचि-पचि, देत न माखन रोटी।*
*सूर श्याम चिरजीवौ दोऊ भैया, हरि हलधर की जोटी॥*

**प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—** 4

*श्वेत जल के सरोवर में, शरद की चाँदनी में, श्वेत कुमुद नयनों को शीतल लगते हैं, पवित्र लगते हैं। देखने से सुख मिलता है। इस प्रकार की श्वेत-सुन्दरता (खड़िया के रंग-सा श्वेत नहीं) कला में है, क्योंकि वह शीतल है सुखद है। कला की अधिष्ठात्री देती श्वेत है।*

*अथवा*

*किसी आती हुई आपदा की भावना या दुःख के कारण के साक्षात्कार से जो एक प्रकार का आवेगपूर्ण अथवा स्तम्भ कारक मनोविकार होता है, उसी को भय कहते हैं।*

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 26.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 5

*"मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास। मित्र एक ऐसा सखा, गुरु तथा माता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।"*

**प्रश्न— (i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।**

**(ii) मनुष्य एक कैसा प्राणी है ?**

**(iii) समाज से अलग किसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है ?**

**(iv) मित्र किस-किसके स्थानों की पूर्ति करता है ?**

**(v) मित्रता के लिए किस बात की आवश्यकता है ?**

**प्रश्न 27.** सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म. प्र., भोपाल को हाईस्कूल की अंक-सूची की द्वितीय प्रतिलिपि मँगाने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। 5

*अथवा*

परीक्षा अवधि में ध्वनिविस्तारक यंत्र पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में जिलाधीश को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए—** 7

(i) इण्टरनेट—आज के जीवन की आवश्यकता,
(ii) समाचार-पत्रों की उपयोगिता,
(iii) साहित्य और समाज,
(iv) भारतीय समाज तथा नारी का महत्त्व।

**(ब) किसी एक विषय पर संक्षिप्त रूपरेखा लिखिए—** 3

(i) पर्यावरण की शुद्धता आवश्यक,
(ii) शिक्षित बेरोजगारी की समस्या,
(iii) जल का महत्त्व।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com